पशुपालन एवं पशु-चिकित्सा विज्ञान

पंकज कुमार

1. विश्व में भारत की पशुधन संख्या सर्वाधिक है, इसमें कुल पशुधन का कितना हिस्सा भारत का है?
2. वर्तमान में भारतीय आहार में मानव प्रोटीन की उपलब्धता 10 ग्राम व्यक्ति/दिन है, यही उपलब्धता विश्व औसत में कितने ग्राम प्रोटीन है?
3. विश्व में अण्डा उत्पादन में भारत का कौनसा स्थान है?
4. पशुओं द्वारा मानव आहार के अतिरिक्त और क्या-क्या प्राप्त होता है?
5. देश के कृषि उत्पादन में पशुपालन का कितना प्रतिशत योगदान है?
6. दुग्ध परिरक्षक कौन है?
7. गाय के दूध में पीलेपन के लिए कौनसे तत्व उत्तरदायी हैं?
8. गाय व भैंस के खीस (कोलोस्ट्रम) में केसीन की मात्रा कितनी-कितनी प्रतिशत होती है?
9. किस भैंस के दूध में सर्वाधिक वसा पायी जाती है?
10. भदावरी भैंस के दूध में वसा की मात्रा कितने प्रतिशत पायी जाती है?
11. गाय तथा भैंस के दूध का आपेक्षिक घनत्व कितना होता है?
12. पशुओं में गलघोंटू बीमारी किसके द्वारा फैलती है?
13. भारतीय पशुचिकित्सा अनुसंधान संस्थान कहां स्थित है?
14. दुग्ध ज्वर रोग किस पशु में पाया जाता है?
15. पशुओं में थनैला (मैस्टाइटिस) रोग का कारक कौन है?
16. गाय के दूध में पानी की कितनी प्रतिशत मात्रा होती है?
17. दूध के पास्चुराइज़ेशन का उपयुक्त तापमान एवं समय कितना होता है?
18. पशुओं के बधियाकरण की कितनी आयु उपयुक्त होती है?
19. 'ऑपरेशन फ्लड' कार्यक्रम का सम्बन्ध किससे है?
20. 'ऑपरेशन फ्लड' का श्रेय किसको दिया जाता है?
21. किस पंचवर्षीय योजना में कृषि को प्राथमिकता दी गयी थी?
22. अधिक दूध देने वाली भैंस की नस्ल कौनसी है?
23. हरियाणा, मेवाती और साहीवाल किसकी प्रमुख नस्लें हैं?
24. पशुओं में बैक्टीरिया द्वारा कौनसे रोग फैलते हैं?
25. दूध में कौन-कौन से एन्ज़ाइम होते हैं?
26. उत्तर प्रदेश में पं. दीनदयाल उपाध्याय पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गौ-अनुसंधान संस्थान कहां स्थित हैं?
27. भारत में गौ-वंशीय तथा भैंस की स्वदेशी नस्लें कितनी हैं?
28. देश में सेन्ट्रल कैटल ब्रीड़िंग फार्म्स कहाँ-कहाँ स्थित हैं?
29. पश्चिम बंगाल पशु एवं मत्स्य विज्ञान विश्वविद्यालय कहां स्थित है?
30. केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान कहां स्थित है?
31. केन्द्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान कहां स्थित है?
32. केन्द्रीय भैंस अनुसंधान संस्थान कहां स्थित है?
33. केन्द्रीय पक्षी अनुसंधान संस्थान कहां स्थित है?
34. नेशनल डेरी विकास बोर्ड की स्थापना कब और कहाँ हुई?
35. राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान (एन.डी.आर.आई.) कहाँ स्थित है?
36. गाय की देसी जातियाँ कौनसी हैं?
37. गाय की विदेशी जातियाँ कौनसी हैं?
38. भैंस की प्रमुख नस्लें कौनसी हैं?
39. सर्वाधिक दुग्ध उत्पादन किस भैंस में होता है?
40. सर्वाधिक वसा की मात्रा किस भैंस के दूध में पायी जाती है?
41. बकरी की प्रमुख नस्लें कौनसी हैं?
42. भेड़ों की प्रमुख नस्लें कौनसी हैं?
43. ऊन हेतु पाली जाने वाली भेड़ों की नस्लें कौनसी हैं?
44. मुर्गी की देसी व विदेशी नस्लें कौनसी हैं?
45. पशुओं की आंखों में रतौंधी किसकी कमी से होता है?
46. पशुओं में रक्तहीनता का प्रमुख कारण क्या है?
47. पशुओं में 'रिकेट्स' व 'मिल्क फीवर' का क्या कारण है?
48. मुर्गी में विटामिन 'ई' की कमी से कौनसा रोग होता है?
49. कोगुलेशन विटामिन किसे कहते हैं?
50. बछड़ों/बछियों में मैग्नीशियम तत्व की कमी से कौनसा रोग हो जाता है?
51. पशुओं में 'ग्वाइटर' रोग का क्या कारण है?
52. पशुओं का चारा 'साइलेज' किससे बनाया जाता है?
53. हरे चारे को रसीली अवस्था में गड्ढे में दबाकर सुरक्षित रखना क्या कहलाता है?
54. 'हे' के लिए प्रमुख फसलें कौनसी हैं?
55. वे कौनसी औषधियाँ हैं जो बैक्टीरिया की अभिवृद्धि को रोकती हैं, परन्तु नष्ट नहीं करती हैं?
56. वे औषधियाँ कौनसी हैं जो जीवाणुओं को नष्ट करती हैं?
57. वह औषधी कौनसी है जो ज्वर के ताप को कम करती हैं?
58. पेट के परजीवियों को बाहर निकालने वाली औषधि का क्या नाम है?
59. वे औषधियाँ कौनसी हैं जो पेट में गैस बनने से रोकती हैं?
60. पशुओं को दस्त लाने वाली औषधि 'परगेटिव्स' का उदाहरण क्या है?
61. गलघोंटू, एन्थ्रैक्स, ब्लैक क्वार्टर, टीबी, थनैला और जॉन डिज़ीज़ कैसे रोग हैं?
62. खुरपका-मुँहपका, पॉक्स व रिन्डरपेस्ट किससे फैलता है?
63. पशुओं के परजीवी कौन हैं?
64. फिस्टिंग, नकलिंग व स्ट्रिपिंग क्या हैं?
65. पशुओं की आयु का पता कैसे लगाते हैं?
66. बर्डिजो-कास्ट्रेटर तथा इलैस्ट्रेटर द्वारा पशुओं में क्या करते हैं?
67. गौ-पशु का सामान्य तापक्रम 38.6°C भैंस का 36.8°C और भेड़ का 38.9°C होता है, बकरी में यह तापमान कितना होता है?

68. गौ-पशु की श्वसन गति (प्रति मिनट) 20-25, भैंस की 15-20 और भेड़ की 20-30 होती है, बकरी में यह गति कितनी होती है?
69. गौ-पशु की हृदय गति (प्रति मिनट) 50-60, भैंस की 40-25 और भेड़ की 70-80 होती है, बकरी में यह गति कितनी होती है?
70. भार को ध्यान में रखते हुए गाय के 100 किग्रा शरीर को 2.5 किग्रा सूखा पदार्थ दिया जाता है, तो भैंस के 100 किग्रा शरीर को कितनी मात्रा दी जाएगी?
71. दूध की मात्रा को ध्यान में रखते हुए गाय के 3 लीटर दूध पर 1 किग्रा दाना दिया जाता है तो भैंस के 2.5 किग्रा दूध पर कितना दाना दिया जाएगा?
72. दूध का पीएच. मान तथा क्वथनांक कितना होता है?
73. पशुओं को दवा देने की कौन-कौनसी विधियाँ हैं?
74. 'ब्लैक क्वार्टर' भैंस में किस बैक्टीरिया द्वारा होता है?
75. 'रिन्डर पेस्ट' किस वाइरस द्वारा होता है?
76. 'टिक फीवर' किस परजीवी द्वारा होता है?
77. 'सुर्रा' किस सूक्ष्मजीव द्वारा होता है?
78. 'एन्थ्रैक्स' किस जीवाणु द्वारा होता है?
79. 'गलघोंटू' गाय में किसके द्वारा होता है?
80. 'गलघोंटू' भैंस में किसके द्वारा होता है?
81. गाय के दूध में कितने प्रतिशत जल पाया जाता है?

82. गाय के दूध में कितने प्रतिशत लैक्टोज़ पायी जाती है?
83. दूध में कौनसा खनिज नहीं पाया जाता है?
84. पशु के भार को बिना तोले कैसे ज्ञात करेंगे?
85. बहुवर्षीय हरे चारे कौन-कौन से हैं?
86. एकवर्षीय हरे चारे कौन-कौन से हैं?
87. 'हे' किसे कहा जाता है?
88. पशुओं के असंक्रामक रोग कौन-कौनसे हैं?
89. 'रानीखेत' बीमारी किसकी है?
90. 'बर्डफ्लू' से सबसे ज्यादा कौन प्रभावित होती हैं?
91. पाचन के लिए वसाओं का पायसीकरण करना किसका मुख्य कार्य है?
92. वह कौनसा जन्तु है, जो स्थायी शारीरिक ताप रखता है?
93. गायों की सबसे भारी नस्ल कौनसी है?
94. गाय की वह कौनसी प्रजाति है, जो विश्व में सर्वाधिक दुग्ध उत्पादन के लिए जानी जाती है?
95. जल भैंस और दलदली भैंस किस प्रकार की भैंस हैं?
96. 'निर्धनों की कामधेनु' उपमा किसे प्रदान की जाती है?
97. तपेदिक, अल्सर एवं अतिसार आदि के मरीजों को किसके दूध की संस्तुति की जाती है?
98. सबसे लम्बी तथा सर्वाधिक ऊन प्रदान करने वाली नस्लें हैं?

उत्तर : विज्ञान क्विज़ : पशुपालन एवं पशु-चिकित्सा विज्ञान

• 1. 15%; • 2. 25 ग्राम; • 3. 5वाँ; • 4. कच्चा माल जैसे खाले, रक्त, हड्डियाँ और बाल आदि; • 5. 30 %; • 6. बेन्जोइक एसिड; • 7. केसीन एवं कैरोटीन तथा कुछ हद तक ज़ैन्थोफिल; • 8. 4.418% तथा 6.8%; • 9. भदावरी; • 10. 13%; • 11. गाय का 1.018 - 1.036 तथा भैंस का 1.018-1.038; • 12. बैक्टीरिया द्वारा; • 13. इज़्ज़त नगर, (बरेली, उत्तर प्रदेश); • 14. भैंस में; • 15. स्ट्रेप्टोकोकस तथा स्टैफाइलोकोकस जीवाणु; • 16. 87.26%; • 17. 140°F ताप पर 30 मिनट या 160°F ताप पर 15 सेकंड (गर्म करना); • 18. 1.5-2 वर्ष; • 19. दुग्ध उत्पादकता की क्रान्ति से; • 20. डॉ. वर्गीज़ कुरियन; • 21. तृतीय योजना; • 22. मुर्रा (1500-2500 लीटर/ब्यॉंत); • 23. गाय की; • 24. गलघोंटू, निमोनिया और थनैला; • 25. लाइपेज़, एमाइलेज़ और लैक्टेज़; • 26. मथुरा; • 27. 27 और 7 • 28 सूरतगढ़ (राजस्थान), चिप्लीमा एवं सुजानखेड़ा (ओडिशा), धामरोड (गुजरात), हैसरघट्टा-बेंगलुरु (कर्नाटक), अलमाधी (तमिलनाडु) और अन्देशनगर (उत्तर प्रदेश); • 29. सरानी (कोलकाता); • 30. अविकानगर (राजस्थान); • 31. मखदूम (मथुरा); • 32. हिसार (हरियाणा); • 33 इज़्ज़तनगर, बरेली (उ.प्र.); • 34. 13 जनवरी 1970 को; आनंद (गुजरात) में; • 35. करनाल (हरियाणा); • 36. हरियाणा, साहीवाल, सिन्धी, हिसार, खीरी, मालवी, कनकथा और अमृतमहल; • 37. जर्सी, होलस्टीन फ्रीज़ियन, ब्राउन स्विस और रेडडेन; • 38. मुर्रा, भदावरी, नीली, सूरती, मेहसाना और नागपुरी; • 39. मुर्रा भैंस में; • 40. भदावरी; • 41. बरबरी, सिरोही, मेहसाना, सानेन और जमुनापारी; • 42.गुरेज, करनाह, भदरवाह, बीकानेरी और लोही; • 43. पश्मीना, सानेन और अंगोरा; • 44. देसी-असील, चटगांव, घाघस तथा विदेशी-न्यू हैम्पशायर, प्लाईमॉथ-रॉक, रोड आयरलैण्ड; • 45. विटामिन A; • 46. विटामिन B_{12} की कमी से; • 47. विटामिन-D की कमी तथा कैल्शियम, फॉस्फोरस की कमी; • 48. क्रेज़ी चिक; • 49. विटामिन-K; • 50. होल मिल्कटेसी; • 51. आयोडीन की कमी; • 52. मक्का, ज्वार, बरसीम से; • 53. साइलेज; • 54. बरसीम, लूसर्न, जई, लोबिया और सोयाबीन; • 55. एन्टीसेप्टिक-बोरिक अम्ल, आयोडीन; • 56. एन्टीबायोटिक्स -पेनिसिलिन और स्ट्रेप्टोमाइसीन; • 57. एन्टीपाइरेटिक क्विनीन; • 58. एन्थेलमिन्टिक-कॉपर सल्फेट; • 59. कार्मीनेटिव-हींग सौंफ; • 60. अलसी का तेल; • 61. जीवाणुजन्य; • 62. विषाणुओं द्वारा; • 63. थेलेरिओसिस फ्ल्यूक और टेपवर्म; • 64. दूध दुहने की विधियाँ; • 65. सीगों पर बने छल्ले, पशुओं के दाँत और पशुओं के खुर देखकर; • 66. कैस्ट्रेशन; • 67. 39.1°C; • 68. 20-30; • 69. 70-80; • 70. 3 किलोग्राम; • 71. एक किलोग्राम; • 72. p^H-6.6 क्वथनांक - 100.15°C; • 73. एनीमा, चटनी, गोली, बफारा सांस, पुल्टिस और सुई आदि; • 74. *क्लॉस्ट्रीडियम चौवोई* द्वारा; • 75. अल्ट्राविज़ीबुल वाइरस द्वारा; • 76. बबेशिया स्पीशीज़ द्वारा; • 77. *ट्रिपैनोसोमा इवांसाई* द्वारा; • 78. *बैसिलस एन्थ्रेसिस* द्वारा; • 79. *पास्चुरेली बोविसेप्टिका* द्वारा; • 80. *पास्चुरेली बुवेलिसेप्टिका* द्वारा; • 81. 86.6%; • 82. 4.96; • 83. लोहा (आयरन); • 84. पशु का भार (किग्रा) = सीने का घेरा (cm) × लम्बाई (cm/A, जहां-A= 64.4 (सीने का घेरा 164 cm से कम), A = 61.0 (सीने का घेरा 165-200cm के बीच), A = 57.5 (सीने का घेरा 200 cm से अधिक); • 85. नेपियर घास, सूडान घास, दीनानाथ घास और गिनी घास; • 86. जई, मक्का, ज्वार और बाजरा; • 87. चारे को सुखाकर प्रयोग करना जिसमें पत्तियों का रंग तथा पोषक तत्वों की हानि न्यूनतम हो; • 88. पाचन, श्वसन, रक्त गर्भावस्था, प्रजनन तथा पोषक तत्वों की कमी से उत्पन्न रोग; • 89. मुर्गियों की ; • 90. मुर्गियाँ; • 91. बाइल जूस का; • 92. खरगोश; • 93. कांकरेज; • 94. होलस्टीन फ्रीज़ियन; • 95. भारतीय और विदेशी; • 96. बकरी ; • 97. बकरी के दूध की; • 98. लिसिस्टर एवं मैरीनो

संपर्क सूत्र : **श्री पंकज कुमार, शोधछात्र, ग्राम-अम्बुआपुर, पोस्ट-गोपालापुर, जनपद-लखीमपुर खीरी - 262 701 (उ.प्र.) [ई-मेल : pankajsharmila@rediffmail.com]**